ANLGZSK

# संकलित परीक्षा – I (2014)

# हिन्दी 'ब'

# कक्षा – X

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

**खण्ड-क**

**( अपठित बोध )**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए —** 12

जीवन का सबसे बड़ा कलाकार और सबसे सफल व्यक्ति वह है जो उपयुक्त चुनाव करना जानता है। चुनाव करने में तनिक भी भूल-चूक हो गई तो असफलता, पतन और हानि सुनिश्चित है। कुछ चुनाव हमारे वश में नहीं हैं जैसे माता-पिता का, देश-काल का, जन्म-मृत्यु का; किंतु कुछ चुनाव हमारे अपने वश में हैं, जिन पर हमारी सफलता और असफलता निर्भर है। जैसे काम करने या न करने का चुनाव, आलस्य और परिश्रम का चुनाव और अच्छी-बुरी संगति का चुनाव। अच्छी-बुरी संगति का चुनाव इनमें सबसे ज़्यादा महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इस चुनाव पर ही हमारा आचरण, हमारा कर्म, हमारे विचार हमारी भाषा का स्तर हमारी मनुष्यता का स्तर और हमारी सफलता-असफलताओं की संभावनाएँ निर्भर हैं। मनुष्य का चित्त बुराइयों और बुरे लोगों की ओर जल्दी आकर्षित होता है, क्योंकि जिस प्रकार पानी सदैव निचाई की ओर ही तेज़ी से बहता है उसी तरह मनुष्य का मन बुराइयों की तरफ तेज़ी से भागता है। इसका कारण यह है कि अच्छाई की ओर चलने के लिए परिश्रम करना पड़ता है; ऊँचाई की तरफ चढ़ने में कष्ट उठाना पड़ता है; इसलिए बुरे लोग, बुरी घटनाएँ, ओछे वाक्य हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं। यही हमारे विवेक और बुद्धि की परीक्षा है। अच्छे-बुरे का यह चुनाव ही हमारे भाग्य का निर्माण करता है।

(i) सफल व्यक्ति किसे कहते हैं और क्यों?

(ii) अच्छी-बुरी संगति का चुनाव ज्यादा महत्वपूर्ण क्यों है?

(iii) मनुष्य का मन बुराइयों की ओर क्यों भागता है?

(iv) विवेक और बुद्धि की परीक्षा कब होती है? स्पष्ट कीजिए।

(v) मनुष्यता का स्तर से क्या अभिप्राय है?

(vi) देशकाल तथा माता-पिता का चुनाव हम क्यों नहीं कर पाते?

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 2 | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**<br><br>आओ<br><br>तनिक बैठो यहाँ<br><br>बंदूक रख दो<br><br>यह तुम्हारा गाँव है।<br><br>साँझ कब की हो चुकी<br><br>गाएँ घरों में बँध गईं<br><br>कर चुके ब्यालू<br><br>अलावों पर ठहाके, गप्प, बातें खेत की,<br><br>भून दी हैं बालियाँ–आओ चबाएँ<br><br>और पी लें यह चिलम<br><br>जो प्यार की,<br><br>दूर है थाना यहाँ से<br><br>और दिल्ली ?<br><br>वह बहुत ही दूर है।<br><br>पूछते हैं हम न तुमसे<br><br>प्रश्न कोई<br><br>और इस बंदूक से भी,<br><br>जानते हैं सिर्फ इतना<br><br>यह तुम्हारा गाँव है<br><br>नीम, इमली | 8 |

यह जटाओ से झुका बरगद

तुम्हारे साथ होना चाहता है

रात में छत

और दिन में

यह तुम्हारी छाँव है,

आओ, तनिक बैठो यहाँ

बंदूक रख दो,

यह तुम्हारा गाँव है।

(1) गाँवों में शाम के समय के दृश्य का वर्णन करिए।

(2) कवि ने गाँव के संदर्भ में राजनीति व हिंसा के बारे में क्या कहा है?

(3) 'गाँव का झुका बरगद' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

(4) 'बंदूक' व 'चिलम' किसके प्रतीक हैं?

**खण्ड-ख**

**( व्यावहारिक व्याकरण )**

3 **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए-** 3

(i) मेहनती व्यक्ति के लिए सब कुछ संभव है।
(मिश्र वाक्य में)

(ii) ज्वर होने के कारण मैं स्कूल नहीं जा सका।
(संयुक्त वाक्य में)

(iii) गौरव ने अक्षय से कहा कि वह भी नेपाल चले।
(सरल वाक्य में)

4 **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए-** 4

(i) खरगोश को काटकर आम खिलाओ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (ii) प्रसाद जी के पुराने पिता तंबाकू के व्यापारी थे।<br><br>(iii) हम आपसे कह दिए थे।<br><br>(iv) हम आदर सहित सादर नमस्कार करते हैं। | |
| 5 | (क) | निज़्नलिखित समस्त पदों के विग्रह कीजिए और समासों के नाम लिखिए-<br><br>प्रसंगानुकूल, धूपदीप | 4 |
| | (ख) | निज़्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए-<br><br>पढ़ाने-पढ़ने की शाला या घर<br><br>तीन भुजाओं का समाहार | |
| 6 | (क) | शब्द और पद में क्या अंतर है ? | 2 |
| | (ख) | तुम <u>कहाँ</u> रहती हो। (रेखांकित पद है या शब्द) | |
| 7 | | निज़्नलिखित वाक्यों की पूर्ति उपयुक्त मुहावरों से कीजिए -<br><br>(क) घर में से धुएँ के बादल निकलते देख उसका __________ गया ।<br><br>(ख) चोरी का भेद, खुलते ही वह सबके सामने पानी __________ गया। | 2 |
| | | **खण्ड-ग**<br>**( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| | | **निज़्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (2+2+1) | |
| 8(i) | | जेल के बारे में मदालसा से क्या जानकारी मिली ? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | वामीरो तताँरा के विषय में क्या सोच रही थी ? | 2 |
| (iii) | बड़े भाई साहब स्वभाव से कैसे थे ? कहानी के आधार पर लिखिए। | 1 |
| 9 | 'तीसरी कसम' के शिल्पकार शैलेन्द्र ने सभी चेतावनियों को दरकिनार करते हुए भी 'तीसरी कसम' फिल्म बनाने का अपना निर्णय क्यों कायम रखा था? पठित पाठ के आधार पर लिखिए। | 5 |
| 10 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(2+2+1)**<br>अस्पताल गए, लोगों को देखने से मालूम हुआ कि 160 आदमी तो अस्पतालों में पहुँचे और जो लोग घरों में चले गए, वे अलग हैं। इस प्रकार दो सौ घायल ज़रूर हुए हैं। पकड़े गए आदमियों की संज़्या का पता नहीं चला, पर लालबाज़ार के लॉकअप में स्त्रियों की संज़्या 105 थी। आज तो जो कुछ हुआ वह अपूर्व हुआ है। बंगाल के नाम या कलकत्ता के नाम पर कलंक था कि यहाँ काम नहीं हो रहा है वह आज बहुत अंश में धुल गया और लोग सोचने लग गए कि यहाँ भी बहुत सा काम हो सकता है।<br>(1) घर गए हुए लोगों से लेखक का क्या तात्पर्य है ?<br>(2) कलकत्ता में क्या हुआ था ? उसे अपूर्व क्यों कहा गया है ?<br>(3) कलकत्ता के नाम पर क्या कलंक था ? | 5 |
| | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (2+2+1) | |
| 11(i) | मुराड़ा हाथ में लेकर कबीर ने अपना ही घर क्यों जलाया? | 2 |
| (ii) | मीरा वृंदावन की कुंजगली में ही गोविन्द लीला का गान क्यों करना चाहती हैं? | 2 |
| (iii) | तोप और चिड़ियाँ किसके प्रतीक हैं? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | बादलों से ढके पहाड़ों के विषय में कवि ने क्या कल्पना की है ? वर्षा ऋतु के अतिरिक्त शरद ऋतु में कोहरे में मैदानों की क्या स्थिति होती है, अपने शब्दों में लिखिए। | 5 |
| 13 | हरिहर काका की दयनीय स्थिति का उल्लेख करते हुए बताइए कि इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए किस तरह के प्रयासों की आवश्यकता है ? | 5 |
| | **खण्ड-घ**<br>**( लेखन )** | |
| | **दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निज़्लिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** | |
| 14(i) | विद्यालय के वार्षिकोत्सव का वर्णन<br>● वार्षिक उत्सव की धूमधाम<br>● पुरस्कार मुज़्य आकर्षण<br>● सांस्कृतिक कार्यक्रम | 5 |
| (ii) | करत करत अज़्यास के जड़मति होत सुजाय<br>● अज़्यास बुद्धि के विकास में सहायक<br>● मानव विकास का आधार<br>● उदाहरण | 5 |
| (iii) | पर्वतारोहण<br>● प्रकृति से प्रेम<br>● नई क्षमताओं का विकास<br>● शिक्षोपयोगिता | 5 |
| 15 | अपने क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर लगे पेड़ों के कटान को रोकने के लिए जिलाधिकारी को एक पत्र लिखिए। | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | 16 | सूचना लिखिए कि समाज सेवा में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी 'गृह विज्ञान' की अध्यापिका श्रीमती भार्गव के पास जाकर अपने नाम लिखवाएँ और उनके नेतृत्व में झुग्गी-झोंपड़ी कॉलोनी में कार्य करने को तैयार हो। | 5 |
| | 17 | रेलगाड़ी में आरक्षण को लेकर टिकट क्लर्क से हुए अपने संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखिए। | 5 |
| | 18 | आप घर का पुराना सामान यथा रेफ्रिजरेटर, रंगीन टी.वी, कपड़े धोने की मशीन, सोफा-सेट घटी दरों पर बेचना चाहते हैं; अखबार के लिए विज्ञापन लिखिए। | 5 |
| | | | |
| | | | |